राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को

अजमेर, (कासं)। राजस्व मंडल के स्तर पर आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष श्री राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार इस लोक अदालत की सफलता के लिए आवश्यक तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं। लोक अदालत के लिए राजस्व मंडल सदस्य राजेश दड़िया को समन्वयक मनोनीत किया गया है, जबकि मंडल की अतिरिक्त निबंधक (न्याय) प्रिया भार्गव को नोडल ऑफिसर एवं तहसीलदार शंकर लाल बलाई को सहायक नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इस लोक अदालत के लिए सेवानिवृत्त (आरएएस) श्री सुरेश कुमार सिंधी को प्री काउंसलिंग का दायित्व दिया गया, जिसमें विगत 27 व 28 जून को उन्होंने आपसी सहमति से निस्तारित हो सकने वाले प्रकरणों के चिह्नीकरण की कार्रवाई की। इस लोक अदालत के लिए अधिवक्ताओं से भी अधिकाधिक रुचि लेकर पक्षकारगण को मौके पर ही प्रकरण निस्तारित करवा राहत प्रदान करवाने की अपील की गई है। साथ ही पक्षकारों को भी चाहिये कि वे आपसी समझाइश के आधार पर अपने प्रकरणों के निस्तारण के लिए लोक अदालत के महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाएं।

राहुल गांधी के हिन्दू विरोधी बयान से भाजपा हिंदू संगठनों में उबाल

अजमेर, (कासं)। सकल हिंदू समाज की ओर से बुधवार को रैली निकाल कर भगवा झंडे लेकर जय श्री राम के नारे लगाते हुए जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और मानव श्रंखला बनाकर राहुल गांधी के खिलाफ विरोध जताते हुए जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपकर राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द

■ **मानव श्रंखला बनाकर कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन**

करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान प्राइवेट बस को निकालने को लेकर डिप्टी मेयर नीरज जैन और सिविल लाइन थाना अधिकारी के बीच तीखी नोंक झोंक हो गई।

सकल हिन्दू समाज के बैनर तले बुधवार सुबह 10 बजे से विश्व हिन्दू परिषद, बजरंगदल के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा नेता जिला कलेक्ट्रेट पर एकत्रित होकर मुख्यद्वार पर राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पदाधिकारियों और नेताओं ने कलेक्ट्रेट चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुआ। पुलिस ने प्रदर्शनकारी नेताओं को समझाने का प्रयास किया। लेकिन प्रदर्शनकारी नेताओं ने अनसुना कर पुलिस से धक्का मुक्की करते नजर आए। जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपकर राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने की मांग की।

प्रदर्शन के बाद ज्ञापन देने के लिए सभी नेता एक साथ कलेक्ट्रेट में प्रवेश करना चाहते थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं ने जबरन मुख्यद्वार को खोल दिया। बेरिकेटिंग हटाकर कलेक्ट्रेट में प्रवेश किया। कलेक्टर कक्ष के मुख्यद्वार पर भी उन्होंने प्रदर्शन किया। यहां पर पुलिस से काफी देर तक धक्का मुक्की होती रही। ज्ञापन देने वालों में नृसिंह मंदिर होली दड़ा के महंत श्यामसुन्दर चरण देवाचार्य, पुष्कर से आए संत धीरजराम रामेश्वरम, शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी, उपमहापौर नीरज जैन, विश्व हिन्दू परिषद के शशिप्रकाश इंदौरिया, सोमरत्न आर्य, सुनील दत्त जैन सहित अन्य नेता मौजूद थे।

जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपकर राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की।

राहुल गांधी का पुतला फूंका

ब्यावर, (निसं) सकल हिंदू समाज की ओर से चांग गेट पर भारत विरोधी विदेशी षडयंत्रों में लिप्त प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदुओं को निशाना बनाते हुए गैर संवैधानिक अपमानजनक बयान पर कार्रवाई करते हुए अयोग्य सांसद घोषित कर संसद सदस्यता समाप्त करने के संदर्भ में महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। उनके इस बयान के विरोधस्वरूप चांग गेट पर सभी कार्यकर्ताओ ने राहुल गांधी का पुतला फूंका और विरोध प्रदर्शन किया । लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद में भारत विरोधी विदेशी षड्यंत्र में नियुक्त प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदुओं को निशाना बनाकर अपनी पार्टी और विचारधारा को दर्शाते हुए हिंदू विरोधी बयान दिया ।हिंदू जो अपने आप को हिंदू कहते हैं सिर्फ हिंसा हिंसा हिंसा करते है शब्द का प्रयोग किया जिससे समस्त हिंदू समाज की भावनाओं को आहत पहुंची है या अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंदू भारत का मूल समाज है, भारत की आत्मा है, हिंदू सहिष्णुता, उदारता और कर्तव्यता का पर्याय है। हिंदू कोई जाति सूचक या संप्रदाय सूचक शब्द नहीं है मत और पंथ से अलग भारत की मूल आत्मा है। यह बात स्वयं को एक्सीडेंटल हिंदू कहने वाली जमात के शहजादे को कैसे समझ आ सकती है।

अग्रवाल समाज की यात्रा संपन्न

अजमेर, (कासं)। अग्रवाल समाज अजमेर के तत्वाधान में सामाजिक समरसता कार्यक्रम के तहत अयोध्या, प्रयागराज एवं वाराणसी आदि धार्मिक व दर्शनीय स्थलों की यात्रा 27 जून गुरुवार से 2 जुलाई मंगलवार तक आयोजित की गयी जो सानंद संपन्न हुई तथा यात्रा में शामिल सभी यात्री 2 जुलाई मंगलवार को देर रात्रि सकुशल अजमेर लौट आये।

अग्रवाल समाज अजमेर के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व महासचिव सतीश बंसल ने बताया कि इस यात्रा में अग्रवाल समाज के 127 महिला व पुरुष शामिल हुए, 27 जून गुरुवार को दोपहर ट्रैन के माध्यम से यह यात्री अजमेर से अयोध्या के लिए रवाना हुए थे तथा 28 व 29 जून को अयोध्या के प्रमुख दर्शनीय व धार्मिक स्थल श्री राम लला जन्मभूमि मन्दिर, श्री हनुमान गढ़ी मन्दिर, दशरथ महल, कनक भवन, गुप्तार घाट, नंदी ग्राम, सरयू नदी स्नान, सुरजकुंड, भरत कुंड आदि स्थानों के दर्शन व भ्रमण कर 30 जुलाई को प्रातः बस के माध्यम से प्रयागराज पहुंचे जहाँ गंगा, जमुना सरस्वती संगम स्थल पर स्नान, पूजा कर लेटे हुए हनुमान जी के मन्दिर में दर्शन कर रात्रि में वाराणसी पहुँच गये इसके अगले दिन 1 जुलाई सोमवार को गंगा स्नान, काशी विश्वनाथ दर्शन, चौरासी घाट दर्शन, काल भैरव मन्दिर दर्शन, मृत्युंजय महादेव दर्शन, स्वामी नारायण मन्दिर दर्शन, विशाआक्षी मन्दिर दर्शन, स्वर्वेद मन्दिर तथा सारनाथ मन्दिर दर्शन कर सांध्य कालीन गंगा आरती दर्शन कर रात्रि विश्राम के पश्चात 2 जुलाई मंगलवार को प्रातः 9:30 बजे ट्रैन के माध्यम से दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (वाराणसी) से वापस अजमेर के लिए रवाना हो गये तथा 2 जुलाई को देर रात्रि लगभग 2:00 बजे सकुशल अजमेर पहुँच गये।

विवेकानंद स्कूल में आवेदन कल से

मसूदा, (निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल मसूदा में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 01 से 05 में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों पर 5 जुलाई से 12 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। पात्र विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ0 नरेंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय विद्यालय (सीबीएसई सम्बद्ध) में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 01 से 05 में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों पर पात्र विद्यार्थियों से 5.जुलाई से 12.जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र चौधरी के अनुसार सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के निर्धारित विवरण के अनुसार सम्बन्धित ब्लॉक के विद्यार्थियों को प्रवेश में प्राथमि कता दी जावेगी तथा सीटें रिक्त रहने की स्थिति में ही अन्य ब्लॉक के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जावेगा। प्रवेश में प्रथम वरीयता सम्बन्धित ब्लॉक से विधवा, परित्यकता एवं एचआईवी एड्स पीडित अभिभावकों के बालक बालिकाओं को दी जाएगी। द्वितीय वरीयता दिव्यांग बालक / बालिकाएं चाहे वो किसी भी श्रेणी के हों तृतीय वरीयता बीपीएल परिवार केन्द्र व राज्य सूची केअनुसूचित जाति, अनु सूचित जनजाति,अन्य पिछडा वर्ग व अल्प संख्यक वर्ग के बालक बालिकाएं , चतुर्थ वरीयता बीपी एल परिवार के सामान्य वर्ग के बालक बालिकाएं, पंचम वरीयता नॉन बीपीएल परिवार के बालक बालिकाएं जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति,अन्य पिछडा वर्ग व अल्प संख्यक वर्ग के हों, एवं छठी वरीयता नॉन बीपीएल सामान्य वर्ग के बालक बालिकाएं को दी जाएगी।

NAME CHANGE

I, ANNAPURNA Spouse of Army No. 14677797X, Rank :-HAV, Name:- TAPAS SARDAR, Residing At VILL:-TARANAGAR, POST:- KEORATALA, TEHSIL:- DIOMONDHARBAR, Dist:- SOUTH 24 PARGANAS, State:- WEST BENGAL, Pin:- 743348 have change my Name from ANNAPURNA to ANNAPURNA SARDAR vide Affidavit No. BW 247518 Dated 03/07/2024 before Court campus Nasirabad

क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, आर ओ सी भवन, रूपल पार्क सोसायटी के सामने, अंकुर बस स्टॉप के पीछे , नारानपूरा, अहमदाबाद -380013 गुजरात के समक्ष ।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप धारा (4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खण्ड (क) के मामले में ।

एवं

मै. एम एल आर फूड्स प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड (CIN: U15200RJ2016PTC049266) जिसका पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नंबर -798- 799 लमाना , पिशांगन, अजमेर, राजस्थान -305202, में है, के मामले में ।

.....(याचिकाकर्ता)

एवं

मै. एम एल आर फूड्स प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड के मामले में ।

आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि यह कम्पनी क्षेत्रिय निदेशक, पश्चिमोत्तर क्षेत्र के समक्ष कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को राजस्थान राज्य से हटाकर उत्तर प्रदेश राज्य में स्थानांतरित करने के लिये सोमवार दिनांक 24 जून 2024, को आयोजित असाधारण आम सभा में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कम्पनी के संगम ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है ।

कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्रारूप फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लेखित हो, के साथ अपनी आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, आर ओ सी भवन, रूपल पार्क सोसायटी के सामने, अंकुर बस स्टॉप के पीछे, नारानपूरा, अहमदाबाद -380013 गुजरात, पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकते हैं या सुपुर्द कर सकते हैं और इसकी प्रति आवेदक कम्पनी को उसके ऊपरोक्त पंजीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजें ।

आवेदक की ओर से और उसके लिए
मै एम एल आर फूड्स प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/
गोपाल सिंह
निदेशक
दिनांक: 04.07.2024
स्थान : राजस्थान
DIN:07463096

सब्जी मंडियों की दुर्दशा पर नगर निगम करे कार्यवाही

अजमेर, (कासं)। वर्तमान में शहर के विभिन्न हिस्सों में संचालित सब्जी मंडियों की दुर्दशा पर कॉमन कॉज सोसायटी ने नगर निगम का ध्यान आकर्षित करते हुए इसके निवारण हेतु पत्र लिखा है।

■ **कॉमन कॉज सोसायटी ने जताई चिंता, मेयर को लिखा पत्र**

समिति के महासचिव विनीत लोहिया ने बताया कि अजमेर नगर निगम की महापौर ब्रजलता हाड़ा को पत्र लिखकर शहर की सब्जी मंडियों की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त की है। पत्र में बताया कि अधिकांश सब्जी मंडियों में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा रहता है। स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से असुरक्षित इन परिसरों में अतिक्रमण, आवारा पशुओं का बेरोकटोक घूमना एवं वाहनों का व्यवधान सामान्य शहर वासियों के लिए परेशानी का कारण बनते हैं, इसमें फैली गंदगी और सडक़ों पर फैला कर बेची जा रही सब्जियां स्वास्थ्य की दृष्टि से भी हानिकारक होती है। लोहिया ने बताया कि समिति ने अपनी पिछली साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव स्वीकृत किया था कि इस संदर्भ में नगर निगम का उचित कार्रवाई हेतु ध्यान आकर्षित कराया जाएगा, साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों के 2 किलोमीटर दायरे में आधुनिक सुविधाओं से युक्त नई सब्जी मंडियों के निर्माण हेतु भी नगर निगम से आग्रह किया जाए। इस बैठक में समिति के संरक्षक अजय विक्रम सिंह, अध्यक्ष एचएम जैन, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बैजल, उपाध्यक्ष डॉ.निर्मला नुवाल, डॉ एमके झा, सुनील जालोरी, सुभाष भट्टड़, रमाकांत अग्रवाल एवं सुनील अग्रवाल उपस्थित रहे हैं।

अवैध प्लाट को खुर्द-बुर्द किया

अजमेर, (निसं)। अजमेर विकास प्राधिकरण ने अवैध प्लाटिंग को खुर्द बुर्द किया अजमेर अजमेर विकास प्राधिकरण ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए लाडपुरा में अवैध प्लाटिंग को खुर्द-बुर्द किया इस बारे में जानकारी देते हुए गिरदावर सुनीता जाटव ने हुए बताया कि अजमेर विकास प्राधिकरण आयुक्त नित्य के व सचिव अनिल पुनिया के निर्देश पर ग्राम लाडपुरा के खसरा नंबर 192,199 की खातेदारी जमीन पर बिना उपयोग परिवर्तन किए बिना अवैध प्लाटिंग की जा रही थी जिसकी सूचना अजमेर विकास प्राधिकरण के पास प्राप्त हुई जिसे कार्यवाही करते हुए जेसीबी की सहायता से खुर्द-बुर्द किया गया दूसरी ओर ग्राम भूडोल के खसरा नंबर 2328 पर भी बिना भू उपयोग परिवर्तन किए बिना अवैध प्लाटिंग की जा रही थी जिसे भी खुर्द-बुर्द किया गया बुधवार की कार्रवाई में गिरदावर सुनीता जाटव पटवारी बसंत कुमार सएिडीए का पुलिस जाप्ता का मौजूद था।

विकास कार्यों को शीघ्राताशीघ्र कराने की मांग

अजमेर, (निसं)। नगर निगम पार्षदों द्वारा साधारण सभा में पारित 50 लाख रूपए के विकास कार्य को शीघ्राताशीघ्र कराने के लिए बुधवार को महापौर नगर निगम अजमेर को ज्ञापन सौंपा गया। यह जानकारी देते हुए पार्षद नरेश सत्यावना व श्याम प्रजापति बताया कि पिछली साधारण सभा में प्रत्येक वार्ड में 50 लाख रूपए का विकास कार्य करवाये जाने का निर्णय सर्वसहमति से लिया गया था जो कि 25-25 लाख रूपए दो फेस में कराने का वादा किया गया था। लेकिन आज दिवस तक उक्त सम्बन्ध में निगम द्वारा काई भी निविदा या एस्टीमेट नही तक नहीं बनवाये गये है जिससे समस्त पार्षदगणों में रोष व्याप्त है। ज्ञापन में महापौर से यह मांग की गई है कि 10 दिवस के अन्दर अगर प्रत्येक वार्ड के तक्मीना बनाया जाकर निविदा जारी करने के आदेश नहीं दिये गये तो 10 दिवस पश्चात् समस्त पार्षद धरना प्रदर्शन व घेराव करेगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी निगम प्रषासन की होगी।

नगर निगम पार्षदों महापौर नगर निगम अजमेर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से पार्षद नरेश सत्यावना, श्याम प्रजापति, सुनील धानका, मनीष सेठी, अनिता चौरसिया, पिंकी बालोटिया, मो. वसीम, हमीद खान, कुषाल कोमल, चंचल बैरवाल, नकुल खण्डेलवाल, काजल यादव, रश्मि हिगोंरानी, हितेष्वरी टांक, लक्ष्मी बुन्देल, बनवारीलाल, साहिबा बैग, सहित कई पार्षद मौजूद रहे।

बनास नर्सरी पौधों की समीक्षा की

शाहपुरा, (निसं)। जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत बुधवार को जहाजपुर उपखण्ड के दौरे पर रहे। ज़िला कलेक्टर शेखावत ने बनास नर्सरी पर पहुँच कर वहाँ तैयार हो रहे पौधों की समीक्षा की जहां करीड 46 हज़ार पौधे पाये गये। शेखावत ने 08 जुलाई को आयोजित होने वाले वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत जहाजपुर क्षेत्र में अधिकाधिक पौधे लगवाने के संदर्भ में जहाजपुर एसडीएम पटीदार से विस्तृत चर्चा की । ज़िला कलेक्टर शेखावत इसके पश्चात पीपलूंद ग्राम पंचायत स्थित नर्सरी पहुँचे जहां उन्होंने सरपंच श्री वेदप्रकाश खटिक तथा वन विभाग द्वारा 8 जुलाई को 60 हज़ार पौधो को लगवाये जाने के संदर्भ में चल रहे पूर्व कार्यों को देखा तथा सरपंच की इस मुहीम की सराहना की।इस दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी जोगेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित रहे । जहाजपुर दौरे के दौरान ज़िला कलेक्टर शेखावत अमरवासी स्थित शहीद भैरू राज़किय उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुँचे।

कांग्रेस कार्यकारिणी भंग करने पर कांग्रेसियों ने जताई नाराजगी

अजमेर, (कासं)। प्रदेश में ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, वार्ड अध्यक्षों सहित कार्यकारिणी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 1 जुलाई को आदेशानुसार भंग कर दिया गया। अजमेर दक्षिण विधानसभा के ब्लॉक (अ और ब) और उनकी कार्यकारिणी को भंग करने को लेकर कांग्रेसियों ने नाराजगी जताई। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस प्रत्याशी द्रौपदी कोली पर प्रदेश स्तर पर शिकायत करने का आरोप लगाया। सचिन पायलट गुट पर एक तरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली को हटाने की मांग की।

■ **नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस प्रत्याशी कोली के खिलाफ हुए लामबंद**

दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष निर्मल बैरवाल ने बताया कि अजमेर दक्षिण विधानसभा के ब्लॉक अ व ब सहित समस्त मंडल अध्यक्षों व कार्यकारिणी को भी भंग कर दिया गया है। यह एक तरफा आदेश है और यह किसी भी तरह न्यायोचित भी नहीं है, उन्होंने बताया कि जानकारी में आया है कि फीडबैक के आधार पर इन्हें भंग किया जा रहा है तो यह फीडबैक किस से लिया गया है और यदि एक पक्षीय फीडबैक के आधार पर निर्णय ले लिया गया है बिना किसी नोटिस के तो यह पूरी तरह गलत निर्णय है। हम सभी इस निर्णय को तर्कसंगत नहीं मानते है और इसे हमारी राजनीति को समाप्त करने का षडयन्त्र मानते है जिसके लिए हम सभी अजमेर दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याक्षी व नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली को जिम्मेदार मानते है। द्रोपदी कोली स्वयं कमजोर चुनाव लड़ी और जीती हुई सीट से पराजित हुई है। इनके विधानसभा चुनाव में और हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में हम सभी के द्वारा पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया गया थाए जिसके सबूत के तौर पर हमारे द्वारा प्रचार प्रसार और मिटिंग के फोटोग्राफ और प्रेस कटिंग मौजूद है।

अजमेर लोकसभा के चुनाव में हम लगभग सभी विधानसभा में हारे तो कार्यवाही स्वरूप केवल दक्षिण विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्षों पर कार्यवाही करना कही ना कही इस शंकाओं को भी उजागर करता है कि हमें कांग्रेस नेता सचिन पायलट का समर्थक होना भी इन्हें नागवार हो रहा है और उनके समर्थकों को बिना किसी तथ्यों के एकतरफा हटाये जाने का षडयंत्र है। उन्होंने कहा कि इस षडयंत्र के खिलाफ है और सभी तथ्यों की एक रिपोर्ट प्रदेष अध्यक्ष, राजस्थान प्रभारी और एआईसीसी को अवगत करायेंगे।

इस दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष पवन ओड, निर्मल बैरवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष व पार्षद हितेश्वरी टांक, पूर्व नेता प्रतिपक्ष व पार्षद नरेश सत्यावना, पार्षद श्याम प्रजापति, चन्द्रशेखर बालोटिया, सुनिल धानका कुशाल कोमल, मनीष सेठी, चंचल बेरवाल, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कैलाश कोमल, पूर्व पार्षद विजय सिह गहलोत, पार्षद प्रत्याशी विनोद आसनानी, मनीष सेन, मण्डल अध्यक्ष संजय यादव, राजु सबलानिया, गजानन्द सोलंकी, सेम मेशी अनिल गोयर, राहुल चावरिया, धर्मन्द्र देवल, रमेश सोलंकी, सुधीर जोसफ फारूक खान, सिद्धु, हिमांशु, दीपु सोलंकी, मयुर, लवलेश, गजानन्द, राजेन्द्र, टांक, आरिफ अब्बासी के साथ ब्लॉक मण्डल व वार्ड कार्यकारिणी मौजूद रहे।

दस हजार कपड़े के बैग बांटे

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर व्यापार महासंघ ने आज अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त दिवस के अवसर पर आम जनता को प्लास्टिक बैग के उपयोग से रोकने के लिए कपड़े के बैग वितरित किए। महासंघ के प्रवक्ता कमल गंगवाल और प्रवक्ता सीए विकास अग्रवाल ने बताया कि महासंघ के अध्यक्ष किशन गुप्ता के नेतृत्व में पुरानी मंडी, गोल प्याऊ, आगरा गेट, नयाबाजार आदि क्षेत्रों में 10,000 कपड़े के बैग्स का वितरण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक बैग से मुक्त करने का संदेश देना था। महामंत्री प्रवीण जैन ने कहा कि उपरोक्त अभियान निरंतर चलता रहेगा। इस अवसर पर भगवान चंदीराम, किशन गुप्ता, प्रवीण जैन, कमल गंगवाल, सीए विकास अग्रवाल, पूर्व पार्षद पं. दीनदयाल शर्मा, नरेन्द्र सिंह छाबड़ा, अशोक बिंदल, जरनैल सिंह, राजकुमार गर्ग, उमेश गर्ग, राजीव निराला, हीरालाल जीनगर आदि ने प्लास्टिक मुक्त दिवस के मौके पर अपना अपना योगदान दिया।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक: अविप्रा/प.3/भू.उ.परि./2024/403/ दिनांक: 03-07-2024

सार्वजनिक सूचना

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार के अधिसूचना क्रमांक पं. 11(8) नविवि/2020 दिनांक 24.2.2021 एवं अजमेर विकास प्राधिकरण अधिनियम 2013 के अन्तर्गत निम्नांकित भूमि का आवासीय से सामान्य व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु प्रस्तावित किया गया है:-

क्र. सं.	नाम आवेदक	योजना का नाम	भूखण्ड सं.	कुल क्षेत्रफल	जोनल डवलपमेंट प्लॉन 2033 (जोन-2) के अनुसार भू-उपयोग	स्वीकृत भू-उपयोग	चाहा गया भू-उपयोग
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्री मुकेश खान पुत्र श्री बाबू खान	श्री विनायक विहार खसरा संख्या 3551/540, 3549/540 ग्राम दौराई	प्लॉट नं. 11 से 16	864.77 वर्गमीटर	आवासीय नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के आदेश दिनांक 04.08.2023 के अनुसार मिश्रित अनुज्ञेय	आवासीय	सामान्य व्यावसायिक

उपरोक्त भू-उपयोग परिवर्तन किए जाने पर किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस में अपनी आपति कारण/विवरण सहित अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर में दर्ज करावें अन्यथा अवधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति या सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। निदेशक आयोजना, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक: अविप्रा/प.3/भू.उ.परि./2024/402/5532 दिनांक: 03-07-2024

सार्वजनिक सूचना

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार के अधिसूचना क्रमांक पं. 11(8) नविवि/2020 दिनांक 24.2.2021 एवं अजमेर विकास प्राधिकरण अधिनियम 2013 के अन्तर्गत निम्नांकित भूमि का आवासीय से सामान्य व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु प्रस्तावित किया गया है:-

क्र. सं.	नाम आवेदक	योजना का नाम	भूखण्ड सं.	कुल क्षेत्रफल	जोनल डवलपमेंट प्लॉन 2033 (जोन-2) के अनुसार भू-उपयोग	स्वीकृत भू-उपयोग	चाहा गया भू-उपयोग
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्री मुकेश खान पुत्र श्री बाबू खान	श्री विनायक विहार खसरा संख्या 3551/540, 3549/540 ग्राम दौराई	प्लॉट नं. 5, 6 7, 8, 9 व 10	752.40 वर्गमीटर	आवासीय नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के आदेश दिनांक 04.08.2023 के अनुसार मिश्रित अनुज्ञेय	आवासीय	सामान्य व्यावसायिक

उपरोक्त भू-उपयोग परिवर्तन किए जाने पर किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस में अपनी आपति कारण/विवरण सहित अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर में दर्ज करावें अन्यथा अवधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति या सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। निदेशक आयोजना, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ, अजमेर ( )

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2024/ दिनांक :

लोक सूचना

मैसर्स जी एंड ग्रेनाइटस जरियें साझेदार 1. श्रीमती शिमला गंगवाल जैन पत्नी श्री अनिल गंगवाल जैन निवासी रंग मंच रोड जैन कॉलोनी मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान 2. श्री सोमेश गोयल पुत्र श्री किशन लाल गोयल निवासी जीवन दीप कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड तीसरे फेस के सामनें मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राज0 ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
किशनगढ-अजमेर	संवतसर	936/929	खसरा नम्बर 936/929, क्षेत्रफल 3024.00 वर्गगज

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 19/06/24 को जारी की गयी। आयुक्त नगर परिषद किशनगढ।

अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया

'आमजन को दैनिक दिनचर्या में कपड़े के ठेले का उपयोग करना चाहिए'

अजमेर, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस 2024 के अवसर पर बुधवार को शहर सहित जिले भर में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। इस अवसर पर नगर निगम सहित सामाजिक संगठनों ने कपड़े के थैलों का वितरण किया।

अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस 2024 के अवसर पर सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में अग्रणीय संस्था जवाहर फाउंडेशन द्वारा आनासागर चौपाटी पर आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम की मेयर ब्रज लता हाडा ने कहा कि स्मार्ट सिटी अजमेर को पॉलिथीन मुक्त स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए स्वयंसेवी संस्था अहम भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि आमजन को दैनिक दिनचर्या में कपड़े के ठेले का उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को भारतीय वन सेवा के अधिकारी उपवन संरक्षक सुगनाराम, वन्य जीव प्रेमी प्रेरणा यादव, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रमा गर्ग सहित जवाहर फाउंडेशन अजमेर के प्रभारी शिव कुमार बंसल ने बताया संबोधित किया। बंसल ने बताया कि जवाहर फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष उद्योगपति एवं समाजसेवी रिजु झुनझुनवाला के निर्देशानुसार स्वच्छ अजमेर स्वस्थ अजमेर कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर आनासागर चौपाटी पर नगर निगम अजमेर की मेयर ब्रज लता हाडा एवं उप वन संरक्षक सुगनाराम के नेतृत्व में आम जन को पॉलिथीन मुक्त अजमेर बनाने के लिए जागरुक कर 500 कपड़े के थैलों का वितरण किया। इस अवसर पर जवाहर फाउंडेशन के प्रतिनिधि लोकेंद्र पांडया पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता नलिनी शर्मा राजेश शर्मा रमेश चैलानी पर्यावरण प्रेमी प्रेरणा यादव महेश चौहान मामराज सेन अजय कृष्ण तैंगोर पूर्व पार्षद सुनीता चौहान धुव्रिका सिसोदिया जयशंकर चौधरी विवेक कड़वा भवजीत सैनी हेमराज सिसोदिया बृजेश गौड विजया लक्ष्मी सिसोदिया पुजा कनौजिया अशो